सबसे पहले तुम्हे मनाऊं शनिदेव महाराज | By Tejaswa

सबसे पहले तुम्हे मनाऊं शनिदेव महाराज , शनिदेव महाराज
मुझसे चाहे जग रूठे, मत होना तुम नाराज़, मत होना तुम नाराज़
शनिदेव महाराज मेरे शनिदेव महाराज
शनिदेव महाराज मेरे शनिदेव महाराज

नील कमल के फूल चढ़ाऊँ तुम पे फूल चमेली
तुम पे फूल चमेली.........
उड़द दाल की खिचड़ी या फिर काले तिल गुड़ ढेली
काले टिल गुड़ ढेली ....
दया दृष्टि रखना अपनी जब जब दूँ आवाज़
शनिदेव महाराज मेरे शनिदेव महाराज
शनिदेव महाराज मेरे शनिदेव महाराज

शमी वृक्ष की परिक्रमा प्रभु मैं तो सात करूँगा
मैं तो साथ करूँगा.......
मीठी पूड़ी तुम्हे पसंद है ये भी ध्यान रखूँगा
ये भी ध्यान रखूँगा..........
बिगड़ी मेरी बना देना, सब पूरण करना काज
शनिदेव महाराज मेरे शनिदेव महाराज
शनिदेव महाराज मेरे शनिदेव महाराज

शनिवार को शनि चरणों में सरसों तेल चढ़ाएं
सरसो तेल चढ़ाएं..........
कष्ट मिठे सब भगत वो कृपा शनिदेव की पाएं
शनिदेव की पाए............
शनिदेव महाराज है रखते सब भगतो की लाज
शनिदेव महाराज मेरे शनिदेव महाराज
शनिदेव महाराज मेरे शनिदेव महाराज

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%8a%e0%a4%82-%e0%a4%b6%e0%a4%a8/